Australian Government

COVID-19 VACCINATION

COVID-19 वैक्सीन की चौथी डोज़

08 जुलाई 2022

सर्दियों में COVID-19 जैसे श्वसन वायरस से अक्सर अधिक संक्रमण होते हैं। COVID-19 के प्रति सबसे अधिक सुरक्षा के लिए, COVID-19 से गंभीर रूप से बीमार पड़ने के खतरे वाले लोगों के लिए COVID-19 टीके की एक अतिरिक्त बूस्टर, या चौथी खुराक की सलाह दी जाती है। यह खुराक उन लोगों के लिए COVID-19 की पाँचवी खुराक होगी जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली गंभीर रूप से कमज़ोर है।

आपको COVID-19 वैक्सीन की चौथी खुराक प्राप्त करनी चाहिए, यदि:

- आपकी आयु 50 साल या इससे अधिक है
- आप एज्ड केयर (वयोवृद्ध देखभाल) या विकलाँगता देखभाल केन्द्र के निवासी हैं

16 वर्ष और इससे अधिक की आयु वाले उन लोगों के लिए भी एक अतिरिक्त बूस्टर की सिफारिश की जाती है:

- जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर है
- जिनको कुछ विशिष्ट प्रकार के कैंसर हैं, या जो कैंसर के उपचार के बाद जीवित हैं
- जिनको ऑटोइम्यून रोग है, जिसके लिए उपचार की आवश्यकता है
- जिनको लंबे समय तक चलने वाला या गंभीर रोग है, जो उनके फेफड़ों, यकृत, गुर्दों, मस्तिष्क या हृदय को प्रभावित करता है
- जिनको डायबटीज़ है, जिसके लिए दवाई की आवश्यकता पड़ती है
- जिनको गंभीर या जटिल स्वास्थ्य आवश्यकताओं वाली विकलांगता है
- जिनका भार गंभीर रूप से अधिक या कम है।

30 से 49 वर्ष तक की आयु वाले लोग भी यदि चाहें तो चौथी खुराक प्राप्त कर सकते हैं।

यदि आप इस बारे में सुनिश्चित नहीं हैं कि आपको चौथी खुराक प्राप्त करनी चाहिए या नहीं, तो अपने डॉक्टर से बात करें।

यदि आपको अपनी बूस्टर खुराक प्राप्त किए हुए **3 महीने** हो गए हैं तो आप वैक्सीन की चौथी खुराक प्राप्त कर सकते/ती हैं।

आप COVID-19 का टीका अपने इन्फ्लूएंज़ा टीके के साथ ही प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

यदि आपका हाल में COVID-19 परीक्षण सकारात्मक निकला है, तो यह सलाह दी जाती है कि आप अपने COVID-19 टीके की अगली खुराक प्राप्त करने से पहले **3 महीने** प्रतीक्षा करें।

Interpreter

और अधिक जानकारी के लिए www.health.gov.au देखें या National Coronavirus Helpline को 1800 020 080 पर फोन करें। निःशुल्क दुभाषिया सेवाओं के लिए विकल्प 8 चुनें।